ज़रा सिर खुजलाइए

भाग-3

पृष्ठ क्रमांक 13 से आगे



इस तरीके में डॉक्टर अल्फा-अल्फा दस्तानों की दोनों जोड़ पहनते हैं जिससे सतह '1ए' और '2बी' संक्रमित हो जाती हैं। जबकि सतह '1बी' और '2ए' सुरक्षित रहती हैं।

दूसरा ऑपरेशन करते वक्त डॉक्टर बीटा-बीटा दस्तानों की दूसरी जोड़ी इस तरह पहनते हैं कि सुरक्षित सतह '2ए' उनके हाथ को स्पर्श करे। अंत में डॉक्टर गैमा-गैमा दस्तानों की पहली जोड़ी को पलटकर पहनते हैं ताकि सुरक्षित सतह '1बी' उनके हाथ से स्पर्श करे। फिर वे उसके ऊपर दस्तानों की दूसरी जोड़ी इस तरह पहन लेते हैं कि '2ए', '1ए' को स्पर्श करे और '2बी' सबसे बाहर रहे।

चूंकि इस तरीके में तीनों ऑपरेशन में सतह '2बी' ही मिस रोशनाई के शरीर से स्पर्श करती है इसलिए उन्हें भी किसी तरह का खतरा नहीं है।



अगर आपने शुरुआती भाग नहीं पढ़ा है तो देखिए पृष्ठ क्रमांक 8

मार्टिन गार्डनरः बीसवीं सदी के गणितज्ञ व तर्कवादी। उन्होंने अपने लेखन से प्रयास किया कि गणितीय तार्किक पहेलियां गंभीर चिंतन एवं विषय को सीखने का ज़रिया बन सकें।
यह लेख मार्टिन गार्डनर की विज्ञान पहेलियों के पेंगुइन द्वारा प्रकाशित संकलन 'सायंस फिक्शन पज़ल टेल्स' से साभार।